# अधिकारी लम्बित कार्यों में लायें अपेक्षित प्रगति : मंडलायुक्त

## पूर्ण घोषणाओं के कार्यो की सूचना बोर्ड अवश्य लगाये जांए

■ लोकार्पण हेतु उपलब्ध करायें सूची

संवाददाता

नैनीताल। मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर विशेष ध्यान देते हुए कार्यो में अपेक्षित प्रगति लायें अधिकारी। यह बात सचिव मुख्यमंत्री, आयुक्त राजीव रौतेला ने एलडीए सभागार में मुख्यमंत्री की घोषणाओं सम्बन्धित बैठक लेते हुए दिये।

उन्होने कहा कि जिन घोषणाओं मे धनराशि प्राप्त हो चुकी है उनमे तेजी से कार्य प्रगति लाते हुए पूर्ण करना सुनिश्चित करें तथा जिन योजनाओं की डीपीआर प्रस्ताव शासन मे लम्बित है उनके लिए उच्चाधिकारियों से वार्ता कर योजना स्वीकृत कराने व धनावंटन कराने हेतु स्वयं प्रयास करें। सचित मुख्यमंत्री रौतेला कहा कि मुख्यमंत्री की जो भी घोषणाओं का कार्य पूर्ण हो चुके है उनका लोकार्पण हेतु सूची उपलब्ध करायें ताकि उनका लोकापर्ण हेतु मुख्यमंत्री से समय लिया जा सके। उन्होने यह भी निर्देश दिये कि पूर्ण घोषणाओं के कार्यो की सूचना बोर्ड अवश्य लगाये जांए ताकि जनता को कार्यो की पूर्ण जानकारियां हो सके।

उन्होने कहा जो कार्य पूर्ण होने की दशा मे हैं और धनराशि पूर्ण अवमुक्त न होने से लम्बित है ऐसी योजनाओ की भी सूची मांगी जाए ताकि उच्चस्तर पर वार्ता कर शीघ्र धनराशि अवमुक्त कराकर कार्य पूर्ण कराया जा सके व जनता को योजना का लाभ शीघ्र मिल सके। आयुक्त ने जो घोषणायें वन भूमि हस्तान्तरण हेतु विभिन्न स्तरों पर लम्बित हैं की सूची भी तलब की।




मंडलायुक्त अधिकारियों की बैठक लेते हुए।


## Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द




मंडलायुक्त दिलीप जावलकर पौधारोपण करते हुए।

### मंडलायुक्त दिलीप जावलकर ने किया पौधारोपण

संवाददाता पौड़ी/देहरादून। गढ़वाल आयुक्त दिलीप जावलकर ने 73वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर मण्डल मुख्यालय पौड़ी में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने ध्वजारोहण के उपरान्त कार्यालय परिसर में देवदार का वृक्ष लगाकर पर्यावरण को संरक्षित रखने का भी संदेश दिया।

## रोटावायरस टीका वैक्सीन का डीएम ने किया शुभारम्भ

संवाददाता

■ शिशुओं को डायरिया तथा अन्य बीमारियों से भी बचायेगा

अल्मोड़ा। नवजात शिशुओं को डायरिया से बचाने के लिए जनपद में रोटावायरस टीका वैक्सीन का शुभारम्भ जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने महिला चिकित्सालय अल्मोड़ा में रोटावायरस टीका वैक्सीन पिलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

रोटावायरस टीका कार्यक्रम के शुभारम्भ के अवसर पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि डायरिया के कारण देश में हजारों शिशुओं की अकाल मृत्यु होती है। जिसके लिए बच्चों को इस जानलेवा वायरस से बचाने के लिए रोटावायरस टीका तैयार किया गया है, जो शिशुओं को डायरिया तथा अन्य बीमारियों से भी बचायेगा तथा रोटावायरस वैक्सीन पिलाने से शिशुओं के मृत्युदर में भी कमी आयेगी।

## न्यूज डायरी

### प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

संवाददाता हरिद्वार। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) ने आज आर्यनगर स्थित कैम्प कार्यालय पर प्रदेश संयोजक रामनरेश यादव की अध्यक्षता में 73वें स्वतन्त्रता दिवस को उत्तराखण्ड की प्रगति के संकल्प के रूप में मनाते हुए राष्ट्रध्वज के समक्ष देवभूमि उत्तराखण्ड की सेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर हरिद्वार तथा देहरादून जनपद से प्रसपा से जुडे़ लगभग एक दर्जन कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान के साथ ही देवभूमि उत्तराखण्ड को उसका खोया गौरव प्रदान कराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राकेश यादव, मुरारीलाल यादव, अतुल कुमार, अफजाल अहमद, इरफान अहमद, विजय सिंह, प्रशान्त कुमार, प्रमिला चौहान, अनुराग कुमार, राजेश कुमार शर्मा, प्रतीक जोशी, देवेन्द्र सिंह यादव तथा सदाकत हुसैन इत्यादि उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय समीक्षण समिति की बैठक 19 अगस्त को

संवाददाता देहरादून। मुख्य अग्रणी जिला प्रबन्धक ने अवगत कराया है कि जिला सलाहकार समिति (डी.सी.सी) एवं जिला स्तरीय समीक्षण समिति (डीएलआरसी) की त्रैमासिक समीक्षा बैठक 19 अगस्त को सांय 4 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पैसिफिक होटल सुभाष रोड देहरादून में आहूत की जायेगी।

### सदभावना की शपथ दी जायेगी

संवाददाता देहरादून। सदभावना दिवस के अवसर पर 20 अगस्त को सभी कार्यालय में प्रातः 11 बजे सदभावना की शपथ दी जायेगी। जिसमें सभी कार्यालयाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ सदभावना की शपथ लेंगे।

## गुरू कृपा से सभी अवगुण मिट जातेः कृष्णानन्द महाराज

संवाददाता हरिद्वार। स्वामी दीप्तानंद अवधूत आश्रम भूपतवाला में आयोजित ब्रह्मलीन स्वामी दीप्तानन्द अवधूत महाराज के श्रद्धांजलि समारोह के अवसर पर संत सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्वामी कृष्णानंद ने कहा कि सच्चा मित्र वही है। जो गरीबी, अमीरी के फर्क को नहीं देखता। भगवान श्री कृष्ण ने सुदामा के साथ मित्रता का अद्भुत उदाहरण हमारे बीच प्रस्तुत किया है। हमें भी वैसा ही आचरण करना चाहिए। जिसमें कभी किसी को छोटा या बडा होने का एहसास ना हो। उन्होंने कहा कि जो संतों की शरण में आ जाता है। गुरु की कृपा और मेहर से उसके सभी अवगुण मिट जाते हैं। गुरू कृपा प्राप्त करने के लिए हमें बार–बार सतगुरु के दरबार में जाना चाहिये।

## नन्दादेवी मेले को भव्यता प्रदान करने के लिए टीम भावना से कार्य करना होगा

संवाददाता

अल्मोड़ा। ऐतिहासिक पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नन्दादेवी मेले को भव्यता प्रदान करने के लिए हमें टीम भावना से कार्य करना होगा यह बात अपर जिलाधिकारी बी0एल0 फिरमाल ने जिला कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में कही।



अपर जिलाधिकारी बी0एल0 फिरमाल बैठक लेते हुए।

उन्होंने कहा कि मेले में अधिकाधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सूचना विभाग, संस्कृति, गीत नाट्य एवं उत्तर मध्य सांस्कृतिक केन्द्र के टीमों द्वारा किया जायेगा इसके लिए सभी विभागों को पत्र भेजने के निर्देश पूर्व में ही दिये गये थे। उन्होंने कहा कि मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा विभिन्न विभागों की विकास प्रदर्शनी लगाने के लिये भी प्रयास किये जाय। बैठक में निर्णय लिया गया कि यह मेला आगामी 01 सितम्बर से 08 सितम्बर तक चलेगा।